जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

ہمارا وطن ہفت روزہ

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-23 | जयपुर, सोमवार, 15 जून, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिन पर गौ सेवा सप्ताह का हुआ शुभारंभ, गौशाला में भेजी चारे की गाड़ियाँ

**चौमूं (हमारा वतन)**

चौमूं विधानसभा के पूर्व विधायक और बीजेपी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा के आगामी 20 जून को आने वाले जन्मदिन को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा गढ़ गणेशजी मंदिर में आज गौ सेवा सप्ताह का शुभारंभ किया गया।

भारतीय जनता पार्टी जयपुर देहात उत्तर के जिला प्रवक्ता अरविंद यादव और सच्चिदानंद स्कूल के डायरेक्टर बाबूलाल कुमावत ने बताया कि आज गौ सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न गौशालाओं में चारे की गाड़ियां भेजी जा रही हैं। करीब 7 दिन तक चारे की गाड़ियां सेवा कार्य के रूप में भेजी जाएगी। इसके अलावा कई सेवा के कार्यक्रम पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के जन्मदिन पर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित किए जाएंगे।





आज उपस्थित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने केक कटवाकर, माला और साफा पहनाकर पूर्व विधायक का अग्रिम जन्मदिन मनाया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने चारे की गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि विशेष दिवस पर हम सभी को सेवा कार्य करते रहने चाहिए जिससे जरूरतमंद की सेवा हो सके। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी,कार्यकर्ता और शुभचिंतक मौजूद रहे।



## वरिष्ठ अभिनेत्री उषा श्री को मिलेगा सेवा रत्न सम्मान 2026

**जयपुर (हमारा वतन)।** अखिल समाज सेवा दल द्वारा आयोजित सेवा रत्न सम्मान समारोह 2026 में वरिष्ठ अभिनेत्री और कत्थक नृत्य गुरु उषा श्री को सेवा रत्न सम्मान से नवाजा जाएगा। उषा श्री को यह सम्मान महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में प्रदान किया जाएगा।

राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार नायक ने बताया कि 21 जून को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आंगन होटल जयपुर में यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

## संगीतमय सुंदरकांड की चौपाइयों से गूंजायमान हुई सामोद वीर हनुमान जी की खोल

**जयपुर (हमारा वतन)**

पुरुषोत्तम मास के पवित्र महीने में सामोद पर्वत स्थित श्री वीर हनुमान जी की खोल में शुक्रवार को आईबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के निर्देशक एवं शिक्षाविद हजारी लाल शर्मा के सानिध्य में ललित एंड पार्टी की ओर से संगीतमय सुंदरकांड के पाठों का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत की।

रामलाल शर्मा ने कहा कि पुरुषोत्तम मास के महीने में ऐसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। जिससे भगवान के प्रति लोगों में आस्था रहती है। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने आसन पर बैठकर सुंदरकांड की चौपाइयों का वाचन किया। कार्यक्रम आयोजक शिक्षाविद् हजारी लाल शर्मा व समाज सेवी कैलाश तिवाडी ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, सर्व समाज जागृति संघ के प्रदेशाध्यक्ष डाक्टर सुरेश चंद शर्मा,आईपीएस प्रदीप शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन सैनी, समाजसेवी अशोक सिंगोदिया का माला - साफा पहनाकर स्वागत किया। वहीं खेड़ापति





आश्रम के महंत विजय रामदास , राम बिहारी दास महाराज, रामकृष्ण आश्रम के महंत रामकृष्ण दास महाराज और तिगरिया आश्रम के महंत नरेंद्र दास महाराज का शाल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया।

कार्यक्रम के अंत में शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा ने पत्नी श्याम किरण शर्मा के साथ भगवान की महा आरती की। कार्यक्रम के अंत में सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की।

इस दौरान मेघराज शर्मा, नवीन कुमार शर्मा, रोहिताश दादरवाल, मोहनलाल जाट, अनुराग शर्मा, बृजमोहन शर्मा, बनवारी लाल शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, अंबालाल शर्मा, गिरधर गोपाल शर्मा, अजय कुमार शर्मा, रघुनंदन शर्मा, कृपाशंकर शर्मा, महावीर शर्मा, गोपाल रेवड़का, पुरुषोत्तम शर्मा, आनंद शर्मा, रामस्वरूप शर्मा, आलोक जांगिड़ ,संदीप भात्रा, मुरारी लाल पारीक, वैद्य नरहरि शर्मा, राकेश शर्मा, राघव शर्मा, एडवोकेट अजय शर्मा, दीनदयाल पारीक, महेश शर्मा, विनोद बसोतिया, रमाकांत, प्रणव, द्वारका शर्मा, निवर्तमान पार्षद महेंद्र कुमावत, कमल भात्रा, संदीप शर्मा, राहुल शर्मा, गिरिराज पाराशर, विकास शर्मा, हिमांशु शर्मा, रामावतार पारीक, डॉक्टर सांवरमल शर्मा, राम गोपाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, पूर्व पार्षद आशीष यादव, सुभाष मिश्रा, अरुण मिश्रा सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## डेयरी सचिव यादव को मिलेगा भारत भूटान शांति रत्न अवॉर्ड

**चौमूं (हमारा वतन)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा भूटान देश की राजधानी थिंपू में G-25 देशों का समरसता शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है,जिसमें चौमूं क्षेत्र के घिनोई निवासी नई ढाणी दुग्ध समिति सचिव और



पशुधन सहायक रामचंद्र यादव को डेयरी एवं पशुपालन के क्षेत्र में विशेष योगदान देने हेतु विभिन्न देशों के प्रतिनिधि एवं भूटान देश के गणमान्य लोगों द्वारा यादव को भारत भूटान शांति रत्न अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इस सम्मेलन में भारत की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 31 प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि यादव को पूर्व में भी मंच द्वारा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय अवार्ड मिल चुके हैं।

## चतुर्थ सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित वीर तेजाजी धाम में आगामी 26 जुलाई को सर्वसमाज जागृति संघ द्वारा आयोजित होने वाले चतुर्थ सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक एवं भव्य महाआरती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन हुआ ।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुरेश चंद शर्मा एवं जिलाध्यक्ष आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व भगवान श्री राम ने समुद्र किनारे मिट्टी का शिवलिंग बनाकर पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना की थी। इसलिए सभी क्षेत्रवासी इस धार्मिक आयोजन में भाग लेकर पुण्य लाभ कमाएँ ।

इस दौरान योगेन्द्राचार्य महाराज, राम कथा वाचक महेश कुमार



शर्मा हवेली वाले, शिक्षाविद हजारी लाल शर्मा, समाजसेवी कैलाश तिवाड़ी, पूर्व गौड़विप्र समाज अध्यक्ष नाथूलाल शर्मा, पूर्व गौड़विप्र समाज अध्यक्ष बनवारी लाल भातरा, युवा नेता अनुराग शर्मा, रीडर ओमप्रकाश शर्मा, मयंक शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के चतुर्थ वार्षिक पाटोत्सव का हुआ पोस्टर विमोचन

**चौमूं (हमारा वतन)**

चौमूं शहर के वार्ड नंबर 43, विकास नगर, सामोद बाईपास पुलिया के पास स्थित श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के चतुर्थ वार्षिक पाटोत्सव,श्री हनुमत कथा, हवन व भंडारे के पोस्टर का विमोचन किया गया।

मंदिर महंत कैलाश भगत ने बताया कि यह माता के मंदिर का चौथा वार्षिक पाटोत्सव है जो 17 जून से 21 जून तक चलेगा। 17 जून को विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो रावण गेट खादी बाग रोड स्थित प्राचीन शिव बजरंग मंदिर से सुबह 8:15 बजे रवाना होकर मुख्य बाजार चौपड़ से होती हुई कथा स्थल श्री वैष्णो धाम मंदिर में पहुंचेगी। 20 तारीख की शाम 7 बजे से 108 आसनों पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित होंगे। 21 तारीख



को सुबह 10:15 बजे से राधेश्याम सीताराम संकीर्तन मंडल द्वारा राधेश्याम सीताराम का आयोजन भी किया जाएगा। 21 जून को प्रातः 9:15 बजे हवन और दोपहर 1:15 बजे से प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। वहीं दोपहर 1:15 बजे से क्षेत्र के प्रसिद्ध गायक कलाकारों द्वारा विशाल भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा।

श्री हनुमत कथा वाचक डॉक्टर पवन कुमार तिवाडी ने बताया कि मंदिर में कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से 4:15 बजे तक किया जाएगा। वार्षिक पाटोत्सव के दौरान मंदिर को विदेशी फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही रंग बिरंगी लाइटों से भी मंदिर को सजाया जाएगा। कार्यक्रम में कई संत महात्माओं का आशीर्वाद भी मिलेगा।

इस दौरान वैद्य विश्वनाथ तिवाडी, प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश तिवाडी, जिला अध्यक्ष आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा, राम कथा वाचक महेश हवेली वाला, रीडर ओम प्रकाश शर्मा, वैद्य सांवरमल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, नरेंद्र शर्मा, सत्य प्रकाश पारीक, चंद्र प्रकाश शर्मा, डॉक्टर सीताराम कुमावत, राजकुमार कांकरवाल, हरि चौधरी, बाबूलाल रोलावन, केदार छिपा, गोपाल सिंह, रवि गोस्वामी, विकास तंवर, पुष्पेंद्र तंवर, राहुल तंवर, अंशु सैनी, ताराचंद सैनी सहित कई लोग मौजूद रहे।



## विष्णु सैनी बने ऑल इंडिया सैनी सभा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष

**चौमूं (हमारा वतन)**

वर्ष 1965 में स्थापित ऑल इंडिया सैनी सभा ने चौमूं नगर परिषद के निवर्तमान सभापति विष्णु कुमार सैनी को ऑल इंडिया सैनी सभा का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जनरल सेक्रेटरी विनय सैनी ने विष्णु सैनी को यह नियुक्ति सामाजिक और राजनीतिक सक्रियता को लेकर दी है, जिससे सैनी समाज अग्रसर होगा। विष्णु सैनी को यह जिम्मेदारी मिलने पर उनके समर्थकों और समाज बंधुओ में खुशी की लहर है।

# UEM जयपुर ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस 2026

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर ने अपने हरे-भरे कैंपस में बड़े उत्साह और सक्रिय भागीदारी के साथ विश्व पर्यावरण दिवस 2026 सफलतापूर्वक मनाया।

NSS प्रोग्राम ऑफिसर और फिजिकल एजुकेशन के डायरेक्टर प्रो. डॉ. बी. एस. यादव की देखरेख में आयोजित पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और छात्रों सहित 100 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम नेशनल सर्विस स्कीम (NSS), उन्नत भारत अभियान (UBA), इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (IGBC) स्टूडेंट चैप्टर और UEM जयपुर के ग्रीन क्लब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।

यूनिवर्सिटी कैंपस के विभिन्न स्थानों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया गया । छात्रों, फैकल्टी सदस्यों और स्टाफ सदस्यों द्वारा लगभग 100 पौधे लगाए गए । पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने और शहरी वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा




देने के लिए कैंपस में उपयुक्त स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के लगभग 50 बर्तन लगाए गए।

वाइस-चांसलर प्रो. डॉ.बिस्वजॉय चटर्जी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थान पर्यावरणीय जागरूकता और सस्टेनेबल विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

रजिस्ट्रार और प्रोवोस्ट प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाने, पक्षियों के संरक्षण और सफाई अभियान जैसी गतिविधियाँ छात्रों में पर्यावरण के प्रति समझ और सामाजिक ज़िम्मेदारी की भावना जगाने में मदद करती हैं।

NSS प्रोग्राम ऑफ़िसर प्रो. डॉ. बी. एस. यादव ने कहा कि संरक्षण की हर कोशिश, चाहे वह कितनी भी छोटी क्यों न हो, पर्यावरण की रक्षा और एक टिकाऊ भविष्य बनाने में अहम भूमिका निभाती है।

कोऑर्डिनेटर प्रो. दीप्ता मुखर्जी ने बताया कि ऐसी पहल छात्रों और नागरिकों को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में पर्यावरण के प्रति ज़िम्मेदार आदतें अपनाने और देश के टिकाऊ विकास लक्ष्यों में योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।



# सिंगोदिया परिवार ने धूमधाम से मनाया भेरुजी महाराज मंदिर का पाटोत्सव

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के सामोद रोड पुलिया के पास विराजमान भेरुजी महाराज के मंदिर में रविवार को बड़े धूमधाम से पाटोत्सव मनाया गया।

इस दौरान भेरुजी महाराज के सिंदूर का चोला चढ़ाया गया। सत्संग में गायक कलाकारों द्वारा भेरुजी महाराज के मधुर भजन प्रस्तुत किए गए। श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। सायंकाल 5:15 बजे से पंगत प्रसादी का भी आयोजन किया गया। मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया।

ग्राम पंचायत मोरीजा निवासी और महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन लाल सिंगोदिया, समाजसेवी मुकेश सिंगोदिया और जनरल फैंसी फुटवियर एवं स्टेशनरी व्यापार मंडल चौमूं के उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंगोदिया ने कार्यक्रम का आयोजन किया।

सिंगोदिया परिवार ने मुख्य अतिथि पूर्व विधायक और मुख्य प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा और विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष बाबूलाल सैनी और व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी का साफा, दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। पूर्व विधायक ने भेरुजी महाराज से चौमूं क्षेत्र वासियों की खुशहाली की प्रार्थना की।

कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आशीष दुसाद, जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुकेश चोपड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष गजानंद कुमावत, शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा ,समाजसेवी कैलाश तिवाड़ी , वैष्णो देवी मंदिर महंत कैलाश भगत, डॉ.पवन तिवाड़ी, पूर्व प्रधान बंशीधर सैनी, पूर्व वार्ड पंच गोविंदी देवी, भुवनेश तिवाड़ी, पूर्व जिला परिषद सदस्य हनुमान सहाय सिंगोदिया, श्याम सलोना समिति के मनीष गोयल, पूर्व अध्यक्ष नानूराम सैनी,राधेश्याम सिंगोदिया, सुशील सिंगोदिया, सुवालाल सिंगोदिया, मोहन सिंगोदिया, जय नारायण चंदेल, प्रहलाद सहाय अधोप्या, अनिल सैनी सहित अन्य अतिथियों का सिंगोदिया परिवार ने माला, साफ़ा व दुपट्टा पहनाकर अभिनन्दन किया।

## माँ का मतलब

माँ का मतलब घर होता है
घर का मतलब माँ होती है ।
घर - रिश्ते हैं देह के जैसे
माँ ही असल में जां होती है ।।
पीर पराई भी माँ समझे,
समझे घर का हर कोना - कोना ।
एक बार पुचकारे ज़ब भी,
भागे तन - मन से जादू - टोना ।।
माँ के आँचल में न जाने कितनी,
दुआ - दुआ - दुआ होती है ।
माँ का मतलब घर होता है
घर का मतलब माँ होती है ।।
बेलन - संडसी - चिमटा - मुक्का,
हथियार सदा सोभे मईया ।
अंग - अंग उर्जित होता है,
ज़ब - ज़ब गलती पर धोवे मईया ।।
कितना भी हम गलती करलें,
हर हाल में माफ़ सजा होती है ।
माँ का मतलब घर होता है,
घर का मतलब माँ होती है ।।
माँ दिव्य तेज से ओत - प्रोत,
जिम्मेदारी में सदा है डॉक्टरेट ।
माँ निर्भयता का वर देती है,
समझते नहीं कुछ इलिटरेट ।।
यह ज्ञान जरूरी है सबको के,
माँ अंतस में धड़कती जां होती है ।
माँ का मतलब घर होता है
घर का मतलब माँ होती है ।।



सिद्धार्थ गोरखपुरी

## पिता घर के सारथी (कविता)

पिता घर के सारथी बन, जीवन-रथ चलाते हैं।
संघर्षों की धूप सहकर, सुख के पुष्प खिलाते हैं।
अपने सपनों का त्याग कर, सपने हमारे गढ़ते हैं।
हर संकट में साहस बनकर, आशा-दीप जलाते हैं।
उनके श्रम की हर इक बूँद, घर का भाग्य सँवारती है।
त्याग-तपस्या की गौरव-गाथा, खुशियों से झोली भरती है।
अपने सुख को भूल सदा, परिवार के लिए जो जीते हैं।
ऐसे पिता की ममता हर पल, जीवन को उजियारी करती है।
अनुभव की अमूल्य निधि से, जीवन-पथ आलोकित करते।
नीति, नियम और श्रेष्ठ संस्कारों के दीप प्रज्वलित करते।
मानवता के बीज हृदय में, प्रेम सहित जो बोते हैं।
ऐसे पिता संतान के भविष्य को स्वर्णिम आकार देते हैं।
स्वयं कष्ट के काँटे चुनकर, हमको फूल खिलाते हैं।
मन की पीड़ा छिपा अधर पर, मधुर मुस्कान सजाते हैं।
मौन तपस्या का प्रतिरूप, त्याग-समर्पण की परिभाषा।
पिता स्नेह के सागर बनकर, जीवन सफल बनाते हैं।
वटवृक्षों-से अडिग, अचल, स्नेह-सुधा बरसाते हैं।
अपने दृढ़ संकल्पों से ही, घर का आधार बनाते हैं।
नमन उन्हें शत-शत बार, जिनसे जीवन ज्योति मिली।
पिता रूप में ईश्वर आकर, प्रेम-पथ हमें दिखाते हैं।



**महेन्द्र सिंह कटारिया,
नीमकाथाना, राजस्थान**

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.

Khadi For Nation
खादी भारत
Khadi India
Khadi For Fashion

## जॉब्स

1. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोडक्शन ऑफीसर, पद संख्या 370, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2026
2. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन पद सीजीएल, पद संख्या 12256, अंतिम तिथि 22 जून 2026
3. राजस्थान लोक सेवा आयोग, पद आरएएस, पद संख्या 607, अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026
4. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद कंप्यूटर अनुदेशक, पद संख्या 3951, अंतिम तिथि 23 जून 2026
5. सीआईएसएफ, पद एएसआई पैरामेडिकल स्टाफ, पद संख्या 24, अंतिम तिथि 7 जुलाई 2026
6. सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 4500 अंतिम तिथि 22 जून 2026
7. मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, पद असिस्टेंट प्रोफेसर, पद संख्या 148, अंतिम तिथि 26 जून 2026
8. भारतीय संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल, पद जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 3 जुलाई 2026




## रुपाली गांगुली संग अनबन की खबरों पर निधि शाह ने तोड़ी चुप्पी, बोलीं- हमारे बीच कभी...

रुपाली गांगुली के साथ अनुपमा के कई एक्टर्स की अनबन की खबरें आई थीं जिनमें से एक थीं निधि शाह। निधि ने अब पूरा सच बताया कि दोनों के बीच कैसा बॉन्ड था। निधि शाह, अनुपमा शो में किंजल का किरदार निभाती थीं। निधि के किरदार को काफी पसंद किया जाता था। शो में उनके और रुपाली गांगुली के अनुपमा किरदार के बीच काफी अच्छी कैमिस्ट्री थी, लेकिन फिर खबर आने लगी कि रियल लाइफ में दोनों के बीच ठीक नहीं है। दोनों के बीच अनबन की खबरें भी आती थी और अब निधि ने उन खबरों पर अपना रिएक्शन दिया है और पूरा सच बताया है।



**मैंने कभी उनको लेकर गलत नहीं कहा**-मीड़िया से बात करते हुए निधि ने कहा, 'पहली बात तो मैंने कभी उनको लेकर गलत कहा ही नहीं। देखो, वह ना अच्छी एक्ट्रेस हैं। वह हार्डवर्किंग हैं और यह मुझे इंस्पायर करता है। जब लोग बोलते हैं कि निधि ने रुपाली को लेकर कुछ कहा है तो वो सब सिर्फ झूठी खबरें होती हैं। अगर ये उनके लिए काम करता है तो उन्हें करने दो। जहां तक मेरी बात है, मुझे पता है कि उनके साथ मेरा कैसा तालमेल है।'

**पहले थे दोनों के बीच विवाद**-निधि ने आगे कहा, 'पास्ट में हां हमारे अपने ओपीनियन थे और विवाद थे जो ठीक है। आपके अपने ओपीनियन हो सकते हैं। लेकिन मैं मीडिया के पास कभी नहीं आई इस मुद्दे पर बोलने के लिए। मैंने कोई इंटरव्यू भी नहीं दिया है। ये सब मेरे लिए नया है। 1 साल से ज्यादा का टाइम हो गया है मुझे अनुपमा छोड़े हुए। मैं तो वो दिक्कत भी भूल गई हूं जो हमारे बीच रही होगी। हम एक-दूसरे के साथ अच्छे हैं। हम पहले भी अच्छे थे और अलग ओपीनियन होना भी ओके है। आप अपना स्टैंड ले सकते हैं। ऐसा नहीं कि आपको कोई पसंद नहीं करता तो आप भी उसे लाइक मत करो।'

## आपकी तो मां बहन एक हो गई, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी को लेकर बोलीं विद्या बालन

विद्या बालन ने नेटफ्लिक्स की फिल्म मां बहन को लेकर अपना रिव्यू दिया है और इसकी खूब तारीफ की है। हालांकि विद्या ने जो कहा उसकी उम्मीद तो फैंस ने भी नहीं की होगी।माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और धरना दुर्गा की फिल्म मां बहन हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। दर्शकों से लेकर सेलेब्स तक सभी ने फिल्म की तारीफ की है और अब इस लिस्ट में विद्या बालन भी आ गई हैं। विद्या ने फिल्म की तारीफ की है और कहा कि आपती को मां बहन एक हो गई।



**विद्या ने क्या रिव्यू दिया**-विद्या ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आपकी तो मां-बहन एक हो गई नेटफ्लिक्स पर। माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी और धरना दुर्गा के बीच की काफी मजेदार कैमिस्ट्री थी।'बता दें कि मां बहन के बनने से पहले ऐसी खबर थी कि विद्या को इस मूवी के लिए अप्रोच किया गया था, लेकिन फिर फिल्म माधुरी के पास चली गई।

**मां बहन के डायरेक्टर संग किया है काम**-विद्या ने मां बहन के डायरेक्टर सुरेश त्रिवेणी के साथ फिल्म तुम्हारी सुलु में भी काम किया है। दोनों ने फिर जलसा में भी साथ काम किया है। दोनों के बीच काफी अच्छा प्रोफेशनल बॉन्ड है।

**मां बहन की स्टोरी**-मां बहन की स्टोरी की बात करें तो इसमें एक सिंगर मदर की कहानी को दिखाया है जिसको सब गलत नजरों से देखते हैं। उसकी लाइफ में मुश्किल तब आती है जब उसके पड़ोसी गुप्ता की मौत उसके घर हो जाती है। अपनी मां की मदद करने के लिए उसकी दोनों बेटियां आ जाती हैं और इसके बाद यह तीनों क्या करती हैं और कैसे मुश्किल से खुद को निकालती हैं यही फिल्म की स्टोरी है।

## दिव्यांका ने बताया एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं उनके जुड़वा बच्चे, एक को कहा राम, दूसरे को...

नई-नई मां बनीं दिव्यांका त्रिपाठी जुड़वा बच्चों के आने के बाद अपने अनुभवों को अपने फैंस संग शेयर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बच्चे एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। उन्होंने दोनों के अलग होने पर हैरानी जताई। एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और उनके पति विवेक दहिया हाल ही में जुड़वा बच्चों के पेरेंट्स बने हैं। अपनी नई जिंदगी को ये कपल काफी एंजॉय कर रहा है। दिव्यांका अपने मां बनने के अनुभवों को व्लॉग के जरिए फैंस के साथ शेयर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके दोनों बच्चे एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं। दिव्यांका ने इस चीज पर हैरानी भी जताई। उन्होंने कहा कि एक बेटा बहुत शांत रहता है। वहीं दूसरा, फीड करते-करते ही सो जाता है।



**अपने बच्चों को अभी समझ रही हैं दिव्यांका त्रिपाठी**- दिव्यांका ने कहा, मेरे प्यारे बच्चे जब सोते हैं न तो इतने अच्छे लगते हैं। लगता है रात को कुछ हुआ ही नहीं। लेकिन सारे झूठे अलार्म होते हैं। मैं अभी भी उनको समझ रही हूं कि उनका टेंपरामेंट क्या है, उनका मूड क्या है। मैं चाहती हूं कि उनके सोने का, खाने और पीने की टाइमलाइन्स मैच हो जाएं। दोनों बहुत अलग हैं।

**इस बात पर दिव्यांका को होती है हैरानी**- दिव्यांका ने इस चीज पर हैरानी भी जताई। उन्होंने कहा, ये कैसे हो सकता है कि दो नए लोग आपके घर आए हैं, एक ही पैदाइश है और पैदाइश से ही एक दूसरे से इतने अलग हैं?

**एक दूसरे से बिल्कुल अलग हैं दिव्यांका के बच्चे**- अपने व्लॉग में दिव्यांका ने दोनों बच्चों की पर्सनालिटी के बारे में भी बात की। दिव्यांका अभी अपने बच्चों को टी1 और टी2 कहकर बुलाती हैं। दिव्यांका ने कहा कि टी 2 अटेंशम मैगनेट है।

# ही मैन ऑफ राजस्थान 2026 बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप: सद्दाम हुसैन ने जीता खिताब

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं शहर के मोरीजा पुलिया स्थित प्रेम पैलेस रिसॉर्ट में बॉडी बिल्डर्स ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बस स्टैंड स्थित द रिफॉर्मर जिम द्वारा राज्य स्तरीय ही मैन ऑफ राजस्थान 2026 बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया।




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा रहे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर मुकेश चौधरी, समाजसेवी रामेश्वर गिरणा, रामनरेश सैनी, गोविंद नारायण सैनी, ललित सैनी सहित कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की।

चैंपियनशिप के आयोजक अभिषेक सैनी और अजय यादव ने बताया कि इस चैंपियनशिप में पूरे राजस्थान प्रदेश से बॉडीबिल्डर ने पार्टिसिपेट किया और अपनी कला का प्रदर्शन किया। राजश्री बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा निर्णायक की भूमिका निभाई गई। ही मैन ऑफ़ राजस्थान 2026 के ख़िताब के साथ ही फ्रेशर, बॉडीबिल्डिंग और क्लासिक का खिताब भी विजेताओं को प्रदान किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी-मेडल के साथ नगद पुरस्कार भी प्रदान किए गए। इस प्रतियोगता में जयपुर, अलवर, सीकर, चूरू, झुनझुनू, बीकानेर, उदयपुर, भीलवाड़ा तथा कोटा ज़िले से लगभग 85 बॉडी बिल्डर्स ने अपना दम खम दिखाया ।


ही मैन ऑफ राजस्थान 2026 का खिताब जीतने वाले अलवर निवासी सद्दाम हुसैन ने बताया कि कड़ी मेहनत से ही आज यह मुकाम हासिल हुआ है। मैं अपनी सफलता का श्रेय परिवार और ट्रेनर को देता हूं। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है, लगातार मेहनत करनी पड़ती है, तभी जाकर लक्ष्य हासिल हो पता है।

प्रतियोगिता में मोस्ट मस्कुलर जयपुर के सुहान, बेस्ट पॉज़र बीकानेर के सनी गारू को दिया गया। निर्णायक कमेटी में शिवराम थापा, अब्दुल गनी, आरिफ ख़ान जयपुर, मनोज राणावत सीकर और मुकेश प्रजापति चूरू से रहे ।

# पूजा शर्मा लगातार चौथी बार बेटी फाउंडेशन क्लब की ब्रांड आइकन नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** सामाजिक सरोकारों और महिला उत्थान के क्षेत्र में सक्रिय अग्रणी संस्था बेटी फाउंडेशन क्लब ने महिला सशक्तिकरण की मुखर आवाज पूजा शर्मा को लगातार चौथी बार अपना ब्रांड आइकन नियुक्त किया है। यह निर्णय पूजा शर्मा द्वारा पिछले छह वर्षों से जमीनी स्तर पर किए जा रहे असाधारण कार्यों और समाज में उनके गहराते प्रभाव को देखते हुए लिया गया है।

पूजा शर्मा पिछले छह साल से प्रदेश के दूर-दराज के गांवों, ढाणियों और कस्बों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने न केवल बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को घर-घर पहुँचाया है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जनहित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी समाज के अंतिम छोर पर बैठी महिलाओं तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



बेटी फाउंडेशन क्लब के संस्थापक राज शर्मा और राहुल शर्मा एवं पदाधिकारियों ने बताया कि पूजा शर्मा का चयन उनके निस्वार्थ सामाजिक कार्यों और महिला उत्थान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के आधार पर किया गया है।

उनके नेतृत्व में फाउंडेशन के अभियानों को नई गति मिली है और हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर हुई हैं।

इस अवसर पर पूजा शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह जिम्मेदारी मेरे लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि सेवा का एक और अवसर है। मेरा लक्ष्य है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे और हर महिला केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर सशक्त बने।

# पंडित रविंद्र आचार्य ने अपनी माँ की प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटे भोजन के पैकेट

**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतरराष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य ने आज अपनी माताजी स्वर्गीय तारामणि शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट वितरित कर सच्ची श्रद्धांजलि दी।



पंडित रविंद्र आचार्य ने दुर्गामाता मंदिर, भोमाका कॉम्प्लेक्स,राधास्वामी बाग़ के आस पास रहने वाले जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट वितरित कर आशीर्वाद लिया।

पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हमेशा उनकी सेवा करनी चाहिए। हम सभी लोगों को अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सहायता करनी चाहिए। जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी को सेवा कार्य करने चाहिए, जिससे जरूरतमंदों को लाभ मिल सके।

# श्री रामदेवरा भक्तगण संघ यात्रा रामदेवरा धाम रवाना

**जयपुर (हमारा वतन)।** शहर के बाई का बास ग्राम से श्री रामदेवरा भक्तगण संघ चौमूं बाबा रामदेवरा धाम जैसलमेर के लिए यात्रा रवाना हुई। सरपंच प्रशासक सुल्तान बुनकर व सुखाराम डूंडलोदिया ने यात्रा को रवाना किया।



बलाई विकास समिति जयपुर के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, कोषाध्यक्ष नानगराम लूणीवाल, उपाध्यक्ष कालूराम सामरिया, सदस्य गुलाबनाथ बुढगाया, समाजसेवी लालाराम महरडा, रामगोपाल डोई, किशनलाल चिराणिया, रामस्वरूप गोठवाल, रामप्रसाद बाण्या, गणेश नारायण बगवाडिया, सरजू देवी, सुगना देवी, मंजू देवी, मीरा देवी, विमला देवी, कलावती देवी आदि यात्री रवाना हुए।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## अवसरवाद और राजनीति में शुचिता का संकट

हाल ही में पश्चिम बंगाल की राजनीति में ऐसा घटनाक्रम देखने को मिला, जिसने भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़े नैतिक प्रश्नों को उजागर कर दिया। विधानसभा चुनावों में हार के बाद सत्तारूढ़ दल से जुड़े कुछ जनप्रतिनिधियों के दल छोड़ने और राजनीतिक निष्ठा बदलने की चर्चा ने केवल बंगाल की राजनीति, बल्कि पूरे देश की लोकतांत्रिक संस्कृति को कटघरे में खड़ा कर दिया है। यह घटना कोई अपवाद नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, गोवा, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में भी सत्ता परिवर्तन के पीछे वैचारिक संघर्ष कम और राजनीतिक अवसरवाद अधिक दिखाई दिया है। ऐसे समय में, यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि क्या राजनीति अब केवल सत्ता प्राप्ति और संरक्षण का माध्यम बनकर रह गई है, या उसमें अभी भी सिद्धांत, नैतिकता और जनप्रतिबद्धता जैसी अवधारणाओं का कोई स्थान बचा है? यही प्रश्न हमें


राम गोपाल सैनी

राजनीतिक शुचिता की कसौटी पर वर्तमान लोकतंत्र का मूल्यांकन करने के लिए बाध्य करता है।भारतीय राजनीति में दल-बदल की समस्या नई नहीं है। 1967 में हरियाणा के विधायक चौधरी गया लाल ने एक ही दिन में तीन बार पार्टी बदली थी। उसी घटना से प्रसिद्ध हुई कहावत 'आया राम, गया राम' अवसरवाद का प्रतीक बन गई है। इसके बाद 1985 में दल-बदल विरोधी कानून बनाया गया। किंतु समय के साथ दलों और नेताओं ने इस कानून की कमजोरियों का लाभ उठाने के अनेक तरीके खोज निकाले। परिणामस्वरूप आज भी सरकार गिराने के लिए विधायकों तथा सांसदों के समूहों को तोड़ने की प्रवृत्ति जारी है।यदि किसी नेता को वास्तव में पार्टी की नीतियों या नेतृत्व से वैचारिक असहमति है, तो उसे अपने नैतिक आचरण को नहीं भूलना चाहिए। इसके बारे में न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि कोई निर्वाचित प्रतिनिधि दल बदलता है, तो उसे तत्काल अपने पद से इस्तीफा देकर पुनः जनता के पास जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही राजनीतिक दलों के भीतर आंतरिक लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए भी कानूनी और संस्थागत उपाय आवश्यक हैं। भारतीय लोकतंत्र आज एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। पश्चिम बंगाल की घटना केवल एक राज्य की हलचल नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र के सामने खड़े उस व्यापक संकट का संकेत है, जिसमें सिद्धांत और सुविधा के बीच संघर्ष चल रहा है। आज आवश्यकता राजनीतिक संस्कृति बदलने की है, ताकि लोकतंत्र की नींव विश्वास, नैतिकता और जनप्रतिबद्धता पर पुनः मजबूत हो सके।राजनीतिक दल के लिए विचारधारा का होना अनिवार्य है। जो दल बिना ठोस विचारधारा के केवल परिवारवाद के सहारे चलते हैं, उनका भविष्य लंबे समय तक उज्ज्वल नहीं रहता। ऐसे में, जब चुनाव आयोग और अन्य सांविधानिक संस्थाएं भी सत्ताधारी दल की मुट्ठी में आ जाए, तो 'करेला नीम चढ़ा' कहावत पूरी तरह चरितार्थ हो जाती है। विधायकों के बाद अब लोकसभा सांसदों का यह विद्रोह ममता बनर्जी के लिए अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद तृणमूल कांग्रेस के भीतर असंतोष की जो चिनगारी सुलग रही थी, वह अब खुली बगावत में बदल चुकी है। टीएमसी के भीतर मची यह अंतर्कलह देश के राजनीतिक परिदृश्य में नई नहीं है। इससे पहले महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और शिवसेना के साथ भी ऐसा ही विभाजन देखा जा चुका है। इन बागी सांसदों ने एनडीए को समर्थन देने की इच्छा जताई है। इनमें से कई सांसदों ने तो अपने नए नेता के तौर पर काकोली घोष दस्तीदार को मान्यता देने की मांग भी रख दी है।टीएमसी के संकट की एक बड़ी वजह यह भी है कि इसके अधिकतर शीर्ष नेता दूसरे दलों से आए थे, जिनकी पार्टी के प्रति वैचारिक निष्ठा कमजोर रही है।

# पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारियों द्वारा ग्रामीण सेवा शिविरों का बहिष्कार




**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार द्वारा 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किए जा रहे ग्रामीण सेवा शिविरों का पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी पूरे प्रदेश में बहिष्कार कर रहे हैं। यह निर्णय कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान नहीं होने के कारण लिया गया है।

पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की विभिन्न जायज मांगों को लेकर कई बार सरकार एवं विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन एवं वार्ताओं के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक मांगों पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। इसके विरोधस्वरूप प्रदेशभर के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने ग्रामीण सेवा शिविरों से दूरी बनाए रखने का निर्णय लिया है। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगों पर सरकार द्वारा ठोस एवं सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक ग्रामीण सेवा शिविरों का बहिष्कार जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा। इसी क्रम में आगामी 6 जुलाई 2026 को मुख्यमंत्री का घेराव करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में मंत्रालयिक कर्मचारी भाग लेंगे।

इसी संबंध में पंचायत समिति गोविंदगढ़ की उपशाखा द्वारा विकास अधिकारी ऋतु भोजवानी RAS को उक्त ज्ञापन सौंपा गया।संगठन ने राज्य सरकार से कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र समाधान निकालने की अपील की है, ताकि प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।

# डॉ. अशोक पाल सिंह ने मनाया विश्व बाल श्रम निषेध दिवस




**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** शिक्षक और समाजसेवी डॉ. अशोक पाल सिंह द्वारा विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया। उन्होंने एक पहलः बचपन बचाओ आंदोलन, बाल संरक्षण, भयमुक्त शिक्षा, भारतीय परम्परा ज्ञान पर आधारित शिक्षा के साथ संस्कार -जरूरी है चलायी जा रही है।

डॉ.अशोक पाल सिंह प्रत्येक बच्चे की समस्या का समाधान कर रहे है। इसमें बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं सामाजिक संगठन सहयोग कर रहे है।

सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बाल श्रम को पूरी दुनिया से समाप्त करना है, बालकों के अधिकारों की रक्षा करना और उन्हें शिक्षा के गरिमापूर्ण जीवन के अवसर प्रदान करना तथा बाल श्रम के खिलाफ जागरूकता फैलाना है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय स्तर की श्रम संगठन संस्था द्वारा 2002 में इसकी शुरुआत की गई। संयुक्त राष्ट्र संघ, यूनिसेफ, राज्य बाल आयोग, राष्ट्रीय बाल आयोग, बाल विकास विभाग, भारत सरकार मंत्रालय इस कार्य में प्रयासरत हैं।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU ! थाना मोड़, चौमूँ
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

# व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी ने दिया ईमानदारी का परिचय

**जयपुर (संस्कार सृजन)।** चौमूं शहर में व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन सैनी ने ईमानदारी की मिसाल पेश की है। 9 जून 2026 की शाम करीब 7:30 बजे एच.एस. सरस डेयरी अग्निशमन केंद्र के पास इनके बेटे समीर सैनी को सड़क पर एक पर्स पड़ा हुआ मिला। जिसने बिना किसी लालच के इसकी जानकारी अपने पिता पवन सैनी को दी।



व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन सैनी ने जिम्मेदारी का परिचय देते हुए पर्स को चौमूं थाने में जमा करवा दिया। थानाधिकारी हरबेद्र सिंह को पर्स सौंपते हुए उन्होंने मालिक तक इसे सुरक्षित पहुंचाने का आग्रह किया। पर्स में मौजूद दस्तावेज और अन्य सामान सुरक्षित हैं। जिस किसी व्यक्ति का यह पर्स खोया है, वह अपने पहचान संबंधी दस्तावेज और आवश्यक प्रमाण प्रस्तुत कर चौमूं थाने से अपना पर्स प्राप्त कर सकता है। समीर सैनी और उनके परिवार की इस ईमानदारी की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।